सफलता की कहानी

सब्जी की खेती

बिहार के जमुई जिले के पतौना गाँव के युवा किसान बब्लू कुमार मंडल ने नौकरी न करके खेती को ही अपना रोजगार बनाकर अच्छी आय प्राप्त कर रहें है। बब्लू ने बी0ए0 ऑनर्स तक की पढाई की इसके बाबजूद खेती को 15 वर्षो से अपना जीवकोपार्जन का साधन बना लिया। वे इन दिनों 1.5 एकड़ जमीन में कई तरह का सब्जी जैसे– कद्दू, भिंडी, करेला, चुकुंदर, नेनुआ, फ्रेंचबीन, फुलगोभी, पत्तागोभी, ब्रोकली इत्यादि लोकल बाजार के माँग के अनुसार एवं मौसम का ध्यान में रखते हुये सब्जी उगा रहे हैं।

बब्लू जी किसान बनने से पहले इतिहास में बी0ए0 ऑनर्स किया, पढाई पुरा करने के बाद कई प्रतियोगता परीक्षा में भाग लिया पर असफलता ही हाथ लगा, फिर उन्होने सोचा की क्यो नहीं खेती में हाथ बटाया जाए। वे फिर पढाई छोड़ सब्जी की खेती शुरू कर दिया। आज के समय बब्लू जी परिवार का खर्च के साथ–साथ अपने दो बच्चों को भी एक अच्छे स्कूल में पढाई करवा रहे है।

बब्लू जी कहते है कि मैं जब से आत्मा, जमुई से जुडा, नई–नई तकनीकी जानकारियाँ बिना कहीं गई, आत्मा के स्टार्फ से प्राप्त हो रही है। जैसे– प्रखंड तकनीकी प्रबंध, सहायक तकनीकी प्रबंधक जब भी मुझे जरूरत पढ़ती वे लोग हमें सहयोग करने के लिए तत्पर्य रहते है। वे अपने साथ–साथ कई बार कृषि वैज्ञानिक कृषि पदाधिकारी और भी कई विभाग के पदाधिकारी से सहयोग दिलाते आ रहे है। आज मैं आत्मा द्वारा बनाई गई पतनेश्वर स्वंय सहायता समूह का उपाध्यक्ष भी हूँ। इसके माध्यम से मैं कई राज्यों के साथ–साथ अपने बिहार के जिलों में परिभ्रमण और प्रषिक्षण समय–समय पर लेता रहता हूँ।

आज बब्लु जी षिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्ररेणा के स्त्रोत बन गये। जो एक अच्छी आमदनी प्रति वर्ष अर्जित कर लेते हैं। उनका सुबह से शाम तक खेती के कामों मे बितता है, सुबह खुद 4 बजे उठ खेत पहुँच जाना और सब्जी की तुराई कर लोकल जमुई बाजार पहुँचा आना उनका प्रतिदिन का एक रूटीन बन गया।

निर्देशन : – प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, बरहट।

सहयोग :– सहायक तकनीकी प्रबंधक, बरहट।

किसान का नाम– बब्लू कुमार मंडल

गाँव– पतौना, पंचायत– बरियारपुर

प्रखंड– बरहट, जिला– जमुई,

मोबाईल– 8051605024